कार्यालय- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जांजगीर-चांपा (छ0ग0)
District Legal Services Authority, Court Campus, Janjgir-Champa (C.G.)
Phone-(07817) 299100 E-mail- dlsa.janjgir@gmail.com

–आवश्यक सूचना–

क्रमांक 1035/फा.क्र.– ए 30/जिविसेप्रा./2025 जांजगीर, दिनांक 06.08.2025

//दिनांक 31.08.2025 दिन रविवार को कार्यालय सहायक/क्लर्क (Office Assistants/Clerks) के रिक्त पदों हेतु प्रारंभिक/लिखित परीक्षा आयोजन किये जाने तथा लिखित परीक्षा के संबंध में अन्य सूचना//

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जांजगीर–चांपा द्वारा विज्ञापन क्रमांक–02/जि.वि.से.प्रा.(LADCS)/2025 जांजगीर–चांपा, दिनांक 21.04.2025 के अन्तर्गत कार्यालय सहायक/क्लर्क (Office Assistants/Clerks) एवं कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) (Office Peon (Munshi/Attendant) के पद पर एक वर्ष की संविदात्मक नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया था। उक्त के आलोक में कार्यालय सहायक/क्लर्क (Office Assistants/Clerks) का **दिनांक 31.08.2025 दिन रविवार को समय प्रातः 10.00 से 11.00 बजे तक लिखित परीक्षा** का आयोजन किया जा रहा है। सभी अर्ह उन अभ्यर्थियों को जिनके द्वारा आवेदन–पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा लिफाफा संलग्न किया गया है, उनको डाक के माध्यम से प्रवेश–पत्र प्रेषित किया गया है तथा उन अर्ह अभ्यर्थियों को, जिनके द्वारा आवेदन–पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा लिफाफा संलग्न नहीं किया गया है अथवा लिफाफा तो संलग्न किया गया है, किन्तु टिकट चस्पा नहीं किया गया है, उनको डाक के माध्यम से प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किया गया है, उनको जिला न्यायालय के अधिकृत बेवसाइट से डाउनलोड कर प्रारंभिक/लिखित परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। वेबसाईट में अपलोड प्रवेश पत्र निम्नानुसार निर्देशों के अनुरूप डाउनलोड कर सकते हैं।

कार्यालय सहायक/क्लर्क (Office Assistants/Clerks) के अर्ह सूची के सरल कमांक 01 से 508 तक पंजीयन अनुकमांक/रोल नम्बर **AG ---** निर्धारित किया गया है। उक्त सूची को अधिकृत वेबसाइट http/district-ecourts.gov.in/janjgir पर अपलोड किया गया है तथा एक प्रवेश पत्र भी संलग्न किया गया है। उक्त प्रवेश पत्र में

परीक्षा केन्द्र/स्थान, परीक्षा का दिनांक एवं समय तथा परीक्षार्थी का रोल नम्बर, आवेदित पद का नाम, अभ्यर्थी का नाम पिता का नाम एवं पता अंकित है, जिसे आवेदक वेबसाइट से डाउनलोड करने के उपरान्त पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा कर परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्र में उपस्थिति के समय प्रस्तुत करेंगे।

अतः समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्देशों का पालन करते हुए, **दिनांक 31.08.2025 दिन रविवार** को सूची में दर्शित रोल नम्बर एवं प्रवेश पत्र में दर्शित समय में निर्धारित परीक्षा केन्द्र में प्रारंभिक/लिखित परीक्षा के लिये उपस्थित रहना सुनिश्चित् करेंगे।

उक्त के अतिरिक्त यह सूचना भी प्रसारित की जाती है कि **कार्यालय सहायक/क्लर्क (Office Assistants/Clerks) के " लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर रिक्त पदों के 15 गुना तक अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किये जाएंगे। "**

7/8/25

प्रथम अपर जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष,
चयन समिति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जांजगीर–चांपा (छ.ग.)